H.N.B. GARHWAL UNIVERSITY, SRINAGAR (GARHWAL) - 246174
(A Central University) UTTARAKHAND, INDIA

Ref: HNBGU/FCSCS/2026/Sept/15 Date: 15.09.2026

**प्रवेश सूचना 2026-27**

एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय श्रीनगर गढ़वाल द्वारा संचालित एवं समाज कल्याण विभाग, उत्तराखंड शासन द्वारा वित्तपोषित **निःशुल्क सिविल सेवा कोचिंग योजना (FCSCS)** में संघ एवं राज्य लोक सेवा आयोग (UPSC/SPSCs) की परीक्षाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग कार्यक्रम में प्रवेश के लिए केवल **उत्तराखंड राज्य के अनुसूचित जाति (SC) के स्नातक उत्तीर्ण / स्नातक अंतिम वर्ष में अध्ययनरत** उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किया जा रहे हैं जिसकी तिथि निम्नवत घोषित की जाती है:-

आवेदन पत्र भरने की आरंभ तिथि - **17 सितम्बर 2026**

आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि - **27 सितम्बर 2026**

संपूर्ण जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.hnbgu.ac.in एवं आवेदन पत्र भरने हेतु वेब लिंक विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

कुलसचिव

**प्रतिलिपि- निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित**

1. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष / निदेशक बिड़ला, टिहरी, पौड़ी परिसर
2. समस्त प्राचार्य/निदेशक सम्बंधित महाविद्यालय/संस्थान
3. अधिष्ठाता छात्र कल्याण / मुख्य छात्रावास अधीक्षक/ मुख्य नियंता
4. कुलसचिव, कुमाऊं /श्रीदेव सुमन /सोबन सिंह जीना /दून एवं अन्य उत्तराखंड राज्य विश्वविद्यालय
5. प्रभारी, डाटा प्रोसेसिंग सेंटर
6. नोडल अधिकारी, निःशुल्क सिविल सेवा कोचिंग योजना, को सूचनार्थ
7. वित्त अधिकारी/ उपकुलसचिव/सहायक कुलसचिव (वित्त)
8. जनसंपर्क अधिकारी, को इस आशय से प्रेषित की उक्त विज्ञप्ति समाचार पत्रों में निशुल्क प्रसारित करवाने का कष्ट करें
9. सिस्टम मैनेजर, को इस आशय से प्रेषित की उक्त विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें
10. निजी सचिव कुलसचिव, कुलसचिव महोदय को सूचनार्थ
11. निजी सचिव कुलपति, माननीय कुलपति महोदय को सादर सूचनार्थ
12. गार्ड फाइल

कुलसचिव

Information Brochure

H. N. B. Garhwal University, Srinagar, Garhwal

(A Central University)

# Free Coaching Scheme for Civil Services (FCSCS)

(Under the Social Welfare Department, Govt. of Uttarakhand)

General Guidelines for Admission in FCSCS (2026-2027)

**Important Information:**

1. This brochure is only for general guidance for the candidates. The admission to the FCSCS program shall be governed by the relevant provisions of the Social Welfare Department, Govt. of Uttarakhand.
2. The admission to this scheme is suggestive of the fact that the terms and conditions laid down in this brochure are acceptable to the candidate and his/her guardian.
3. **FCSCS program runs ONLY for the Scheduled Caste (SC) candidates of Uttarakhand, to offer them 'Free Coaching' for the Civil Services/Allied Services Examinations conducted by UPSC/State Public Service Commission**
4. **There is no fee for applying, admission, and coaching under the FCSCS scheme.**
5. The candidates shall have to maintain minimum 90 % of attendance.

**Eligibility Criteria for Admission:**

The following eligibility conditions shall apply for admission under the Free Coaching Scheme for Civil Services (FCSCS) at H.N.B. Garhwal University:

a) Only candidates belonging to the Scheduled Caste (SC) category of Uttarakhand shall be eligible to apply under the scheme.

b) The annual family income of the applicant from all sources should not exceed Rs. 2.00 lakh per annum. Income certificate must be issued in the Current Financial Year/ valid till the date of application. Applicant submit his/her income certificate at the time of admission.

c) Applicants must possess a valid Aadhaar number.

d) Candidates are required to submit a valid income certificate issued by a competent authority. In the case of self-employed parents/guardians, the income certificate must be issued by a Revenue Officer not below the rank of Tehsildar. Employed parents/guardians must submit an income certificate from their employer along with a consolidated income certificate issued by the competent Revenue Authority.

e) Candidates appearing in the final year or final semester of graduation may also apply.

f) Admission to the FCSCS programme (UPSC/UKPSC Civil Services Coaching) shall be granted strictly on the basis of merit secured in the Common Entrance Test (CET) conducted by H.N.B. Garhwal University.

**Important Note:**

1. It shall be the duty of the applicant to produce the prescribed/desired documents for admission. In case of non-production of the required documents, his/her claim for admission shall automatically cancelled.

2. The information supplied by the applicant in his/her application (Online) shall be final. Any subsequent change in the Online Registration Form will not be allowed. If any information provided by the applicant is found to be false or forged at any stage, his/her admission shall be cancelled.

3. Any additional information will be published from time to time on the University website.

**Admission Procedure:**

1. The details of information regarding the online application will be available on the University website: www.hnbgu.ac.in .
2. All the required documents, mentioned below, are to be submitted at the time of admission, failing which the applicant's claim will not be entertained. The list of documents required is as follows:

   a. High School or equivalent examination mark sheet and certificate in original along with a photocopy thereof.

   b. Intermediate or equivalent examination mark sheet and Certificate in original along with a photocopy thereof.

   c. The graduation Mark sheet/Second year/$4^{th}$ semester mark sheet in original along with a photocopy thereof.

   d. Scheduled Caste Category Certificate.

   e. Permanent residence certificate of Uttarakhand (Sthai Niwas Praman Patra)

   f. All essential original documents and their photocopies.

**Undertaking by Candidates:**

Candidates have to submit the following undertaking on Rs 100 stamp paper.

(a) He/She is not receiving any benefits from any other/similar scheme of the Central/state government.

(b) He/she has not availed the benefit of Free Coaching Scheme for Civil Services (FCSCS) scheme of the Social Welfare Department, Govt. of Uttarakhand, before (applicable to first-time applicants)

Or

He/ She has not availed the benefit of FCSCS scheme of the Social Welfare Department, Govt. of Uttarakhand, more than one time (applicable for second-time applicants)

(c) If any information or document submitted by the applicant is found to be false, misleading, or forged at any stage of the admission process, the admission shall be cancelled immediately. The student shall be solely responsible for the consequences.

**Important Dates for Applicants**

Start date of Online Application: 17-09-2026

Last date of online application: 27-09-2026

Date of Exam: 01-10-2026

Declaration of Merit List: 06-10-2026

Admission Starts from: 07-10-2026

*Any change in the above dates shall be updated on the University website www.hnbgu.ac.in. Applicants are advised to visit the university website regularly for updates.

**Registration Link:** https://forms.gle/bC7vEoXGKbsbD3dbA

**Scan QR Code for Registration**

**Prof. M.M. Semwal**
**Nodal Officer**

**Prof. Mehendra Babu**
**Deputy Nodal Officer**

**Contact us for any Query:**

| | | |
|---|---|---|
| Dr. Mukesh Sahay | : | 6367434465 |
| Dr. Veer Singh | : | 9560914079 |
| Dr. Shailendra Chamola | : | 7668965863 |

सूचना-पुस्तिका
एच.एन.बी. गढ़वाल विश्वविद्यालय, श्रीनगर गढ़वाल
(केंद्रीय विश्वविद्यालय)

**सिविल सेवा हेतु निःशुल्क कोचिंग योजना (एफ.सी.एस.सी.एस.)**

(समाज कल्याण विभाग, उत्तराखंड सरकार के अंतर्गत)
एफ.सी.एस.सी.एस. (2026-2027) में प्रवेश हेतु सामान्य दिशा-निर्देश

**महत्वपूर्ण सूचना:**

1. यह दिशा-निर्देश केवल अभ्यर्थियों के सामान्य मार्गदर्शन हेतु है। एफ.सी.एस.सी.एस. कार्यक्रम में प्रवेश समाज कल्याण विभाग, उत्तराखंड सरकार के प्रासंगिक प्रावधानों द्वारा शासित होगा।
2. इस योजना में प्रवेश प्राप्त करना इस बात का सूचक है कि इस पुस्तिका में उल्लिखित सभी नियम एवं शर्तें अभ्यर्थी तथा उसके माता-पिता/अभिभावक को स्वीकार्य हैं।
3. **एफ.सी.एस.सी.एस. कार्यक्रम केवल उत्तराखंड के अनुसूचित जाति (SC) वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए है। इसका उद्देश्य संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) तथा राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा/सहायक सेवाओं की परीक्षाओं के लिए उन्हें 'निःशुल्क कोचिंग' प्रदान करना है।**
4. **एफ.सी.एस.सी.एस. योजना के अंतर्गत आवेदन, प्रवेश एवं कोचिंग हेतु कोई शुल्क नहीं है।**
5. अभ्यर्थियों को न्यूनतम 90% उपस्थिति बनाए रखनी होगी।

**प्रवेश हेतु पात्रता:**

एच.एन.बी. गढ़वाल विश्वविद्यालय में सिविल सेवा हेतु निःशुल्क कोचिंग योजना (एफ.सी.एस.सी.एस.) के अंतर्गत प्रवेश के लिए निम्नलिखित पात्रता शर्तें लागू होंगी:

a) केवल उत्तराखंड की अनुसूचित जाति (एस.सी.) श्रेणी से संबंधित अभ्यर्थी ही इस योजना के अंतर्गत आवेदन हेतु पात्र होंगे।
b) अभ्यर्थी कि सभी स्रोतों से प्राप्त वार्षिक पारिवारिक आय ₹2.00 लाख प्रति वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। आय प्रमाण-पत्र वर्तमान वित्तीय वर्ष में जारी किया हुआ तथा आवेदन की तिथि तक वैध होना अनिवार्य है। अभ्यर्थी को प्रवेश के समय अपना आय प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
c) अभ्यर्थी के पास वैध आधार नंबर होना अनिवार्य है।
d) अभ्यर्थी को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी **मान्य आय प्रमाण-पत्र** प्रस्तुत करना होगा। यदि माता-पिता/अभिभावक **स्वरोजगार** में हैं, तो आय प्रमाण-पत्र **तहसीलदार या उससे ऊपर के राजस्व अधिकारी** द्वारा जारी होना चाहिए। यदि माता-पिता/अभिभावक **नौकरी करते हैं**, तो उन्हें **नियोक्ता द्वारा**

**जारी आय प्रमाण-पत्र** के साथ **राजस्व अधिकारी द्वारा जारी कुल आय का प्रमाण-पत्र** भी प्रस्तुत करना होगा।

e) स्नातक के अंतिम वर्ष अथवा अंतिम सेमेस्टर में अध्ययनरत अभ्यर्थी भी आवेदन कर सकते हैं।

f) एफ.सी.एस.सी.एस. कार्यक्रम (यू.पी.एस.सी./यू.के.पी.एस.सी. सिविल सेवा कोचिंग) में प्रवेश पूर्णतः एच.एन.बी. गढ़वाल विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित सामान्य प्रवेश परीक्षा (सी.ई.टी.) में प्राप्त मेरिट के आधार पर दिया जाएगा।

**महत्वपूर्ण टिप्पणी:**

1. प्रवेश हेतु निर्धारित/वांछित दस्तावेज प्रस्तुत करना अभ्यर्थी का दायित्व होगा। आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत न करने की स्थिति में उसका प्रवेश दावा स्वतः निरस्त माना जाएगा।
2. अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन-पत्र में दी गई जानकारी अंतिम मानी जाएगी। ऑनलाइन पंजीकरण प्रपत्र में बाद में किसी भी प्रकार का संशोधन स्वीकार नहीं किया जाएगा। यदि किसी भी स्तर पर आवेदक द्वारा दी गई कोई जानकारी गलत अथवा भ्रामक पाई जाती है, तो उसका प्रवेश निरस्त कर दिया जाएगा।
3. कोई भी अतिरिक्त जानकारी समय-समय पर विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी।

**प्रवेश प्रक्रिया:**

1. ऑनलाइन आवेदन संबंधी विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट: www.hnbgu.ac.in पर उपलब्ध होगी।
2. प्रवेश के समय नीचे उल्लिखित सभी आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य है। ऐसा न करने पर अभ्यर्थी के दावे/प्रवेश संबंधी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। आवश्यक दस्तावेजों की सूची निम्नलिखित है:

a) हाईस्कूल अथवा समकक्ष परीक्षा की मूल अंकतालिका एवं प्रमाण-पत्र तथा स्वप्रमाणित छायाप्रति।

b) इंटरमीडिएट अथवा समकक्ष परीक्षा की मूल अंकतालिका एवं प्रमाण-पत्र तथा स्वप्रमाणित छायाप्रति।

c) स्नातक के अंतिम वर्ष/स्नातक की द्वितीय वर्ष/चतुर्थ सेमेस्टर की मूल अंकतालिका तथा स्वप्रमाणित छायाप्रति।

d) अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र।

e) उत्तराखंड का स्थायी निवास प्रमाण पत्र।

f) सभी आवश्यक मूल दस्तावेज एवं उनकी फोटोकॉपी।

**अभ्यर्थियों द्वारा शपथ पत्र (अंडरटेकिंग):**

अभ्यर्थियों द्वारा रु. 100 के स्टाम्प पेपर पर निम्नलिखित शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा।

(a) वह केंद्र/राज्य सरकार की किसी अन्य/समान योजना से कोई लाभ प्राप्त नहीं कर रहा/रही है।

(b) अभ्यर्थी ने पूर्व में समाज कल्याण विभाग, उत्तराखंड सरकार की सिविल सेवा हेतु निःशुल्क कोचिंग योजना (एफ.सी.एस.सी.एस.) का लाभ नहीं लिया है (प्रथम बार आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों पर लागू)

अथवा

अभ्यर्थी, समाज कल्याण विभाग, उत्तराखंड सरकार की एफ.सी.एस.सी.एस. योजना का लाभ एक बार से अधिक नहीं लिया है (द्वितीय बार आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों पर लागू)

(c) यदि अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत कोई जानकारी अथवा दस्तावेज प्रवेश प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर असत्य, भ्रामक पाया जाता है, तो प्रवेश तत्काल निरस्त कर दिया जाएगा। इसके परिणामों के लिए विद्यार्थी स्वयं पूर्णतः उत्तरदायी होगा।

**अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण तिथियाँ**

ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ होने की तिथि: 17-09-2026
ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि: 27-09-2026
परीक्षा की तिथि: 01-10-2026
मेरिट सूची घोषित होने की तिथि: 06-10-2026
प्रवेश प्रारंभ होने की तिथि: 07-10-2026

*उपरोक्त तिथियों में किसी भी परिवर्तन की जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.hnbgu.ac.in पर उपलब्ध की जाएगी। अभ्यर्थी नवीनतम सूचनाओं एवं महत्वपूर्ण निर्देशों के लिए विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर नियमित रूप से जानकारी प्राप्त करते रहें।

**पंजीकरण लिंक:** https://forms.gle/bC7vEoXGKbsbD3dbA

**पंजीकरण हेतु QR कोड स्कैन**

प्रो. एम. एम. सेमवाल
नोडल अधिकारी

प्रो. महेंद्र बाबू
उप नोडल अधिकारी

उक्त जानकारी हेतु संपर्क करें

| | | |
|---|---|---|
| डॉ. मुकेश सहाय | : | 6367434465 |
| डॉ. वीर सिंह | : | 9560914079 |
| डॉ. शैलेन्द्र चमोला | : | 7668965863 |